बरेली, रविवार
21 मार्च 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 22+4=26

दैनिक जागरण

PAGE NO. 7TOP

रेलवे और हिमाचल की टीमें फाइनल में

राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडवाल प्रतियोगिता में हुए सेमीफाइनल मुकाबले

हैंडबाल प्रतियोगिता में शनिवार को गेंद के लिए आपस में जूझती खिलाड़ी • सौ. एसआरएमएस

जागरण संवाददाता, बरेली: 49वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता में शनिवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों के बाद खिताबी भिड़ंत की स्थिति स्पष्ट हो गई। रविवार को भारतीय रेलवे और हिमाचल प्रदेश की टीम फाइनल मैच में आमने-सामने होंगी।

शनिवार को सभी मैच श्री राममूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट के खेल मैदान पर हुए। पहला क्वार्टर फाइनल मैच रेलवे व बिहार के बीच हुआ। जिसमें रेलवे ने 25/10 से जीत दर्ज की। दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश ने 27/24 के अंतर से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में हरियाणा ने 29/25 से विजय हासिल की। चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में हिमाचल प्रदेश ने 47/19 के बड़े अंतर से राजस्थान को हराया। इसके बाद पहले सेमीफाइनल मैच में भारतीय रेलवे की टीम ने उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल मैच में हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा पर जीत कर लगातार चौथी बार फाइनल मैच में जगह बनाई। आयोजन कर रहे जिला ओलंपिक संघ के मीडिया प्रभारी मारफत रजा जैदी ने बताया कि रविवार दोपहर तीन बजे से डोरी लाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में फाइनल मैच होगा। मैच के बाद पुरस्कार वितरण भी होगा।

तीसरे स्थान पर रही उत्तर प्रदेश की टीम

मुख्य अतिथि डिप्टी कमिश्नर अरुण कुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसआरएमएस के आदित्य मूर्ति ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। शाम को उप्र खेल निदेशक डा. आरपी सिंह और उप्र हैंडबाल संघ के अध्यक्ष एसएम बोबडे ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। तीसरे नंबर पर रही उप्र की टीम को पदक दिए गए। इससे पहले राष्ट्रीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष डा आनंदेश्वर पांडेय ने बरेली को मेजबानी के लिए आभार जताया। इस दौरान डा. स्वतंत्र कुमार, उप्र हैंडबाल संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद गुप्ता, राजा चावला, डा. मनीष शर्मा, राजीव तनेजा, अभिमन्यु गुप्ता, मुकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। मनीष चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया।